राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

वित्त भवन, ए–ब्लॉक, ज्योति नगर जनपथ, जयपुर–302005

(दूरभाष नं0:– 0141–2740837, फैक्स 0141–2742309, ई–मेल:–jacct.dta@rajasthan.gov.in)


क्रमांक:– एफ.4(ई)(लिंक नं. 11999)/अलेसे–II/2028-36 दिनांक:– 10.01.25

**आदेश संख्या** 192/2024-25

विभागीय आदेश संख्या 50/2017–18 दिनांक 30.06.2017 द्वारा श्री सुरेन्द्र फूलफगर, (लिंक नंबर:– 11999/2013) को कनिष्ठ लेखाकार के पद पर परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी के रूप में नियुक्ति दी जाकर कार्यालय उपकोषालय पेंशन नागौर में पदस्थापित किया गया था, जिसकी अनुपालना में श्री फूलफगर द्वारा दिनांक 03.07.2017 को मध्यान्ह् पूर्व कार्यग्रहण किया था। राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित राजस्थान राज्य् एवं अधीनस्थ सेवाएं (संयुक्त प्रतियोगी) परीक्षा–2021 में उत्तीर्ण होने पर सहायक बाल विकास परियोजना अधिकारी के पद पर चयन होने के उपरान्त महिला एवं बाल विकास विभाग(समेकित बाल विकास सेवाएं), राजस्थान सरकार, जयपुर के आदेश क्रमांक राजकाज रेफरेनस नं. 7498798 दिनांक 24.05.2024 द्वारा श्री सुरेन्द्र फूलफगर की नियुक्ति सहायक बाल विकास परियोजना अधिकारी के पद पर किए जाने पर श्री सुरेन्द्र फूलफगर द्वारा खनि अभियन्ता, खान एवं भू–विज्ञान विभाग, नागौर के पत्र क्रमांक खअ/नागौर/संस्था/2024–25/1386 दिनांक 31.07.2024 के माध्यम से सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II पद से कार्यमुक्त होने हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित किया। इस सन्दर्भ में इस कार्यालय के आदेश क्रमांक एफ.4(ई)(लिंक नं. 11999)/अलेसे–II/706 दिनांक 16.08.2024 द्वारा नवीन नियुक्ति के पद पर कार्यग्रहण करने हेतु कार्यमुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की गयी।

निदेशक, समेकित बाल विकास सेवाएं, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्थान जयपुर के पत्र क्रमांक एफ.1(1)38/स्था./आईसीडीएस/2024 दिनांक 02.01.2025 द्वारा श्री सुरेन्द्र फूलफगर, सहायक बाविपअ (परि.प्रशि.) नागौर ग्रामीण द्वारा द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र के आधार पर कोष एवं लेखा विभाग, राजस्थान, जयपुर में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–द्वितीय के पद पर लियन के दृष्टिगत इन्हें कोष एवं लेखा विभाग, राजस्थान, जयपुर में कार्यग्रहण करने हेतु कार्यमुक्त किये जाने की अनुमति प्रदान की गयी हैं, जिसकी पालना में उप निदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग, नागौर ने कार्यालय आदेश क्रमांक 2024–25/राजकाज/दिनांक 02.01.2025 द्वारा श्री सुरेन्द्र फूलफगर, सहायक बाल विकास परियोजना अधिकारी (परि.प्रशि.) नागौर की दिनांक 02.01.2025 को मध्यान्ह् पश्चात् कार्यमुक्त कर निदेशालय कोष एवं लेखा विभाग, राजस्थान, जयपुर में उपस्थिति देने हेतु निर्देशित किया गया।

श्री सुरेन्द्र फूलफगर ने निदेशालय, कोष एवं लेखा, जयपुर में दिनांक 03.01.2025 को मध्याह्न पूर्व उपस्थिति दी गयी है। श्री फूलफगर सहायक बाल विकास परियोजना अधिकारी के पद पर परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी के रूप में कार्यरत होते हुए निदेशालय, कोष एवं लेखा विभाग को कार्यमुक्त होने के कारण सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के पद पर पदाधिकार बना हुआ है। अतः श्री फूलफगर को खनि अभियन्ता, खान एवं भू–विज्ञान विभाग, नागौर में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–द्वितीय के रिक्त पद पर पदस्थापन की स्वीकृति एतद्द्वारा प्रदान की जाती है।

**(भूपेश माथुर)**
**निदेशक एवं पदेन**
**सयुंक्त शासन सचिव**

क्रमांक:– एफ.4(ई)(लिंक नं. 11999)/अलेसे–II/2028-36 दिनांक:– 10.01.25

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:–

1. संयुक्त शासन सचिव,वित्त **(राजस्व)** विभाग,शासन सचिवालय,जयपुर।
2. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर।
3. निदेशक, समेकित बाल विकास सेवाएं, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4. खनि अभियन्ता, खान एवं भू–विज्ञान विभाग, नागौर।
5. उपनिदेशक **(एसीपी)** को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
6. निजी सचिव, निदेशक।
7. पदस्थापन कार्मिक **(कार्मिक–II)** को ईकजाई रिकार्ड संधारण हेतु।
8. श्री सुरेन्द्र फूलफगर, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II, कार्यालय निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर।
9. प्रभारी वरिष्ठता सूची, एसीआर शाखा।

अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक)